चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0 359
दिनांक : 27.4.22

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा **विधि संकाय के पाठ्यक्रमों (एल0एलबी0,बी0ए0 एल0एलबी0 तथा एल0एलएम0)** के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र/छात्राओं की वार्षिक तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत **वार्षिक, सम–विषम सेमेस्टर, भूतपूर्व छात्र तथा स्पेशल बैक सहित उक्त पाठ्यक्रमों की सभी विषयों की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी हैं तथा परीक्षाफल भी घोषित किया जा चुका है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है तथा कालबाधित की श्रेणी में नहीं आते हैं,** की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा **एन0ए0एस0 कालेज, मेरठ को परीक्षा केन्द्र** निर्धारित किया गया है।

अतः ऐसे छात्र/छात्रा जो उक्त छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होना चाहते हैं, वे अपना आवेदन सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान से अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इण्डियन बैक में रू0 1500/– प्रति कोड शुल्क जमा कर अपने आवेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर प्रत्येक दशा में दिनांक 10.05.2022 तक अंकतालिका, प्रवेशपत्र की छायाप्रति के साथ जमा करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उक्त विधि संकाय की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक **परीक्षा की तिथि व परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर यथासमय अलग से अपलोड की जायेगी।** इसके लिये छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. प्राचार्य, एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ को अनुपालनार्थ।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)